washington healthplanfinder
click. compare. covered.

# वॉशिंगटन राज्य में प्रवासियों के लिए स्वास्थ्य बीमा मार्गदर्शिका



# आपका स्वागत है

दुनिया भर के लोग वॉशिंगटन को घर कहते हैं। यू.एस. की स्वास्थ्य बीमा प्रणाली नये लोगों के लिए घबड़ाने वाला और अपरिहार्य अनुभव हो सकती है।

वॉशिंगटन में रहने वाला हर व्यक्ति उनकी प्रवासी स्थिति चाहे जो भी हो, Washington Healthplanfinder™ के द्वारा स्वासथ्य बीमा तक पहुँच प्राप्त कर सकता है। यह मार्गदर्शिका आपके विकल्प समझने में आपकी मदद करेगी।

चलिए, कवर पाएं वॉशिंगटन!

# विषय सूची


| | |
|---|---|
| **5** | स्वास्थ्य सेवा शब्द |
| **7** | स्वास्थ्य बीमा क्या है? |
| **8** | प्रवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवा विकल्प |
| **10** | क्या मैं पात्र हूँ? |
| **14** | मेरे विकल्प क्या हैं? |
| **16** | निःशुल्क या कम लागत वाली स्वास्त्य सेवाएं |
| **17** | आवेदन कहाँ करें |
| **18** | एक्सचेंज के बारे में |


Reference number: LA-286-4539557_June2025_Hindi

# स्वास्थ्य सेवा शब्द

### स्वास्थ्य सेवा

चिकित्सा स्थितियों को रोकने या उनका उपचार करने के लिए सेवाएं।

### हेल्थ प्लान

आप हर साल एक हेल्थ प्लान खरीदते हैं जो कि अगर आपको या आपके परिवार को स्वास्थ्य देखभाल की ज़रूरत हो तो काम आए। जब आपके पास एक हेल्थ प्लान होता है, तब आपका हेल्थ प्लान कैरियर स्वास्थ्य देखभाल की लागत का एक हिस्सा चुकाता है।

### पात्र हेल्थ प्लान

ऐसे हेल्थ प्लान जो Affordable Care Act (अफोर्डेबल केयर ऐक्ट - किफायती देखभाल कानून) गुणवत्ता, लागत और पहुँच के मानकों को पूरे करते हैं। Washington Healthplanfinder पर उपलब्ध सभी प्लान इन मानों को पूरा करते हैं।

### Cascade Care Savings प्लान

Washington Healthplanfinder से लागत की बचत करने वाले प्लान। Cascade Care Savings प्लान लागत को कम करते हैं और डिडक्टिबल से पहले अधिक सेवाओं को कवर करते हैं।

### Apple Health

Apple Health वॉशिंगटन में Medicaid का नाम है। यह आय के आधार पर पात्र होने वाले लोगों को नि:शुल्क या निम्न-लागत वाला कवरेज प्रदान करता है।

### प्रीमियम

आपका प्रीमियम वह राशि होता है, जो आप हर महीने अपने हेल्थ प्लान के लिए चुकाते/चुकाती हैं। आपको तब भी प्रीमियम चुकाना होगा जब आपको कोई स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं न मिलें।

### डिडक्टिबल:

आपका डिडक्टिबल वह राशि होता है जो आपका हेल्थ प्लान लागत साझा करना शुरू करे उससे पहले आपको चुकानी होती है। एहतियाती सेवाओं तक आप अपना डिडक्टिबल पूरा करें उससे पहले नि-शुल्क पहुँच प्राप्त की जा सकती है। आपकी डिडक्टिबल राशि हर साल की शुरुआत में फिर से शुरू होती है।

### आउट-ऑफ-पॉकेट

आउट-ऑफ-पॉकेट लागत वह होती है जो आप स्वास्थ्य देखभाल के लिए चुकाते/चुकाती हैं। इसमें आपका डिडक्टिबल, को-इंशुरैंस और कोपे शामिल हो सकते हैं। आपके हेल्थ प्लान में कवर न होने वाली कोई भी राशि आउट-ऑफ-पॉकेट लागत है।

### Washington Healthplanfinder

Washington Healthplanfinder वॉशिंगटन में हेल्थ प्लान खरीदने के लिए एक जगह है। अगर आप वॉशिंगटन में रहते हैं, तो आप Washington Healthplanfinder के द्वारा कवरेज के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### यू.एस नागरिक

यू.एस या उसके प्रदेशों में जन्मे व्यक्ति, यू.एस. के नैचुरलाइज़्ड नागरिक बने व्यक्ति और कम से कम यू.एस नागरिक की संतान हों ऐसे विदेश में जन्मे व्यक्ति।

### यू. एस. नेशनल

24 दिसम्बर 1952 के बाद अमेरिकन समोआ या स्वैन आइलैंड में जन्मे व्यक्ति और नॉर्दर्न मैरियाना आइलैंड्स के निवासी जिन्होंने यू.एस. नागरिक बनना नहीं चुना।

### लॉफुली प्रेज़ंट

प्रवासी या गैर-नागरिक जिन्हें यू.एस. में कानूनी तौर पर प्रवेश दिया गया हो और वे उन्हें जिस अवधि के लिए प्रवेश की अनुमति दी गई थी, उससे अधिक नहीं रुके हैं।

### 5-साल का बार

पात्र प्रवासी Medicaid के लिए पात्र हों सकें इससे पहले की 5 साल की प्रतीक्षा अवधि। यह 5 साल की प्रतीक्षा अवधि आम तौर पर तब शुरू होती है जब व्यक्ति को उनकी पात्र बनाने वाली प्रवासी स्थिति प्राप्त होती, ना कि उन्होंने कब यूनाइटेड स्टेट्स में प्रवेश किया है। कुछ प्रवासी स्थितियाँ 5 साल की प्रतीक्षा अवधि से मुक्त होती हैं।

### अनडॉक्युमेन्टेड

यू.एस. में मौजूदा प्रवासी स्थिति वाले गैर-नागरिक।

### "मिक्स्ड स्टेटस" परिवार

ऐसे परिवार जिसके सदस्यों की नागरिक स्थितियाँ अलग-अलग हों।

# स्वास्थ्य बीमा क्या है?

लोग आम तौर पर स्वास्थ्य बीमा द्वारा स्वास्थ्य सेवा के लिए भुगतान करते हैं। आप एक मासिक प्रीमियम चुकाते हैं, और जब आप स्वास्थ्य सेवा पाते हैं, आपका स्वास्थ्य बीमा सभी लागत का एक हिस्सा चुकाएगा। स्वास्थ्य बीमा होना महत्वपूर्ण है, क्योंकि स्वास्थ्य सेवा महँगी हो सकती है!

आप स्वस्थ हों, तब भी स्वास्थ्य बीमा होना महत्वपूर्ण है। दुर्घटनाएं और बीमारी ना केवल किसी भी वक्त हो सकते हैं, बल्कि स्वास्थ्य बीमा होना आपको नियमति एहतियाती सेवाओं तक पहुँच बनाने देता है, जो कि आपको और आपके परिवार को स्वस्थ रखती हैं।

स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच हमारे समुदायों को स्वस्थ और शक्तिशाली रखती है!

**इसेन्शियल हेल्थ बेनिफिट्स**

Washington Healthplanfinder पर मौजूद हरेक प्लान 10 आवश्यक हेल्थ बेनिफिट्स को कवर करता है। इनमें शामिल हैं:

- डॉक्टर विज़िट और अस्पताल में भरती रहना
- इमरजेन्सी रूम में जाना
- आपका शिशु जन्मे उससे पहले और बाद में देखभाल
- मानसिक स्वास्थ्य और नशीले पदार्थों के इस्तेमाल के लिए उपचार सेवाएं
- प्रिस्क्रिप्शन से मिलने वाली दवाएँ
- अगर आपको कोई अक्षमता या चिरकालिक स्थिति हो, तो ठीक होने में आपकी मदद करने वाली सेवाएं और डिवाइसिस
- लैब परीक्षण
- काउन्सेंलिंग, स्क्रीनिंग और टीकाकरण सहित एहतियाती सेवाएं
- मुधमेह या दमा जैसे चिरकालिक रोग का प्रबंधन
- बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल

# प्रवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवा विकल्प

## फुल कवरेज विकल्प

इन देखभाल विकल्पों में डॉक्टर विज़िट, अस्पताल में देखभाल, प्रिस्क्रिप्शन और अधिक शामिल होते हैं।

| प्रोग्राम | कौन पात्र है? |
|---|---|
| Cascade Care Plans | ✔ सभी |
| टेक्स क्रेडिट्स | ✔ कानूनन मौजूद प्रवासी<br>✖ बिना दस्तावेज़ों वाले लोग |
| Cascade Care Savings | ✔ सभी |
| Apple Health | ✔ 5 साल की प्रतीक्षा अवधि बीत चुकी हो ऐसे कानूनन मौजूद प्रवासी*<br>✖ 5 साल की प्रतीक्षा अवधि न बीत चुकी हो ऐसे कानूनन मौजूद प्रवासी*<br>✖ बिना दस्तावेज़ों वाले लोग<br>✖ पात्र नहीं हों ऐसे कानूनन मौजूद लोग<br><br>*कृपया पृष्ठ 11 पर “5 साल की प्रतीक्षा अवधि से किसे छूट प्राप्त है” देखें |
| Apple Health for Kids (बच्चों के लिए Apple Health) | ✔ सभी |
| After-Pregnancy Coverage (गर्भावस्था के बाद का कवरेज) | ✔ सभी |
| Apple Health Expansion (Apple Health विस्तारण)**<br><br>**Apple Health Expansion (Apple Health विस्तारण) एक सीमित नामांकन प्रोग्राम है।<br>*** अगर वे रोज़गार के लिए अधिकृत न हों, तो कुछ पात्र नहीं हों ऐसी लॉफुली प्रेज़ंट स्थितियाँ पात्र हो सकती हैं। | ✔ बिना दस्तावेज़ों वाले लोग<br>✖ कानूनन मौजूद पात्र न हों ऐसे लोग***<br>✖ 5 साल की प्रतीक्षा अवधि बीत चुकी हो ऐसे कानूनन मौजूद प्रवासी<br>✖ 5 साल की प्रतीक्षा अवधि न बीत चुकी हो ऐसे कानूनन मौजूद प्रवासी<br>✖ यू.एस नागरिक और नेशनल<br>✖ बचपन में आने वाले लोगों के लिए देर से की जाने वाली कार्रवाई |

## सीमित कवरेज विकल्प

ये प्लान कुछ सेवाओं या परिस्थितियों को कवर करते हैं।

| प्रोग्राम | कौन पात्र है? |
|---|---|
| Family Planning Only (केवल परिवार नियोजन) | ✅ सभी |
| Medical Care Services (चिकित्सा देखभाल सेवाएं) | ✅ 5 साल की प्रतीक्षा अवधि न बीत चुकी हो ऐसे कानूनन मौजूद प्रवासी<br>✅ बिना दस्तावेज़ों वाले लोग*<br>❌ 5 साल की प्रतीक्षा अवधि बीत चुकी हो ऐसे कानूनन मौजूद प्रवासी<br>❌ यू.एस नागरिक और नेशनल<br>*अगर WAC 388-424-0001(4) से जुड़े प्रोग्राम के लिए पात्र हों |
| Apple Health for Pregnant Individuals (गर्भधारण किए व्यक्तियों के लिए Apple Health) | ✅ सभी |
| Alien Emergency Medical (विदेशी नागरिक आपात स्थिति चिकित्सा) | ✅ पात्र नहीं हों ऐसे कानूनन मौजूद लोग<br>✅ 5 साल की प्रतीक्षा अवधि न बीत चुकी हो ऐसे कानूनन मौजूद प्रवासी<br>✅ बिना दस्तावेज़ों वाले लोग<br>❌ 5 साल की प्रतीक्षा अवधि बीत चुकी हो ऐसे कानूनन मौजूद प्रवासी<br>❌ यू.एस नागरिक और नेशनल |

# क्या मैं पात्र हूँ?

अगर आप वॉशिंगटन में रहते हैं, तो आपकी प्रवासी स्थिति चाहे जो भी हो, आप Washington Healthplanfinder के द्वारा एक स्वास्थ्य बीमा प्लान पा सकते हैं। आपके पास दस्तावेज़ न हों, तब भी आपके लिए स्वास्थ्य सेवा विकल्प उपलब्ध हैं।

## पात्र और अपात्र स्थितियाँ

कानून मौजूद प्रवासी स्थितियाँ या तो “पात्र” हैं या “अपात्र।”

सामान्य अपात्र कानूनन मौजूद स्थितियों में शामिल हैं:

- जिन गैर-प्रवासियों को किसी खास उद्देश्य के लिए सीमित समय के लिए यू.एस. में प्रवेश करने की अनुमति प्राप्त हो, जैसे व्यावसायिक मुलाकाती, विद्यार्थी या पर्यटक
- पैरोल पर हों ऐसे लोग – अगर पैरोल स्थिति एक साल या कम समय के लिए प्रदान की गई हो
- वे लोग जिन्हें अस्थायी रूप से संरक्षित स्थिति प्रदान की गई हो
- स्थिति के अनुकूलन के आवेदनकर्ता
- VAWA के तहत स्वयं आवेदन करने वाले जिन्हें अभी “नोटिस ऑफ प्रीमा फेसी” पात्रता नहीं मिली है
- विलम्बित कार्रवाई, हटाए जाने का रद्दीकरण या फिर निर्वासन का निलंबन
- निरीक्षण का आदेश अनुमत
- निर्वसन के लिए स्टेअनुमत
- K, S, U, या V स्टेटस वीज़ा

अगर आप इस वक्त “गैर-पात्र” स्थिति में हैं, तब भी आप वॉशिंगटन राज्य में कुछ स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रमों के लिए पात्र हैं।

अगर आपकी एक पात्र प्रवासी स्थिति हो, तो अक्सर आपको Medicaid के लिए पात्र होने के लिए 5 साल की प्रतीक्षा अवधि से गुज़रना पड़ता हो।

## 5 साल का बार क्या है?

संघीय कानून के तहत कई पात्र प्रवासियों को Medicaid के लिए पात्र होने के लिए 5 साल तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। वॉशिंगटन में Medicaid को Washington Apple Health कहा जाता है। इस 5 साल की प्रतीक्षा अवधि को 5 साल का बार कहा जाता है। 5-साल की प्रतीक्षा अवधि आम तौर पर तब शुरू होती है जब व्यक्ति को उन्हें पात्र बनाने वाली प्रवासी स्थिति मिलती है, ना कि जब वे यू.एस, में दाखिल होते हैं। कुछ प्रवासी स्थितियों को 5 साल के बार से छूट प्राप्त होती है।

## 5 साल के बार से किसे छूट मिलती है?

### छूट न हो तो 5 साल का बार पूरा किया होना चाहिए

- कानूनी स्थायी निवासी (LPR) - नीचे नोट 2 देखें।
- पैरोल पर हों ऐसे व्यक्ति - अगर आप्रवासन और राष्ट्रीयता कानून (INA) के §212(d)(5) के तहत कम से कम एक साल की पैरोल दी गई हो।
- दुर्व्यवहार के शिकार जीवनसाथी और बच्चे, जिनके पास I-130 नोटिस ऑफ "प्रीमा फेसी" स्वीकृति या फिर महिलाओं के खिलाफ हिंसा कानून (VAWA) के तहत बाकी या स्वीकृति प्राप्त स्वयं की गई पिटिशन हो।
- ऐसे व्यक्ति, जिन्हें INA के 203(a)(7) के तहत 1 अप्रैल 1980 से पहले स शर्त प्रवेशकों के रूप में यू.एस. में प्रवेश दिया गया है।



### 5 साल के बार में से छूट प्राप्त

- अमेरिकी एशियन जो किसी सेन्य बल के सदस्य की कोरिया, वियतनाम, लाओस, कंपुचिया या थाईलैंड में 31 जनवरी 1950 के बाद, लेकिन 22 अक्तूबर 1982 से पहले जन्मी संतान हो, जिन्हें विदेशी प्रचालन, निर्यात निधियन और संबंधी प्रोग्राम विनियोजन कानून के §584 के तहत प्रवासी के रूप में प्रवेश दिया गया हो।
- ऐसे व्यक्ति जो INA के §212(d)(5) के तहत शरणार्थी या आश्रयार्थी हों।
- INA के §207 के तहत प्रवेश दिए गए शरणार्थी।
- वियतनाम काल में 5 अगस्त 1965 से 7 मई 1975 तक यू.एस की सेना की सहायता करने वाले हमोंग और हाइलैंड लाओतियन कबीलों के सदस्य।
- निम्नलिखित में से किसी एक के तहत यू.एस. में प्रवेश दिए गए ईराक़ या अफ़ग़ानिस्तान के खास प्रवासी:
  - INA के खंड §101(a)(27) के तहत खास प्रवासी स्थिति;
  - खास प्रवासी शर्ती स्थायी निवासी; या
  - अफ़ग़ान सहयोगी संरक्षण कानून के खंड 602(b)(1) या 2006 के राष्ट्रीय रक्षा अधिकृति कानून के खंड 1059(a) के तहत पैरोल दिए गए व्यक्ति।
- अफ़ग़ानिस्तान पूरक विनियोजन कानून 2022 के खंड 2502 और 2023 से संयुक्त विनियोजन कानून के तहत 31 जुलाई 2021 और 30 सितम्बर 2023 के बीच मानवीय पैरोल प्रदान अफ़ग़ान व्यक्ति और उनके जीवन साथी, बच्चे और 30 सितम्बर 2022 के बाद जिन्हें पैरोल दिया गया था ऐसे अकेले आये अवयस्कों के माता-पिता और अभिभावकों का 31 मार्च 2023 तक या फिर उनके पैरोल की अवधि के अंत तक, दोनों में से जो भी बाद में हो, मूल्यांकन पात्र प्रवासियों के रूप में किया जाता है।
- यूक्रेनियाई - या गैर-यूक्रेनियाई लोग जो नियमित रूप से यूक्रेन में रहते थे - जिन्हें 24 फरवरी 2022 और 30 सितम्बर 2024 के बीच मानवीय पैरोल दिया गया हो। उनके जीवनसाथी और बच्चे और उन अकेले आए अवयस्कों के माता-पिता और अभिभावक जिन्हें 30 सितम्बर 2024 के बाद 2022 के अतिरिक्त यूक्रेनियाई पूरक विनियोजन कानून के खंड 401 के तहत पैरोल दिया गया था, और जैसे कि 2024 के यूक्रेन पूरक विनियोजन कानून (Ukraine Supplemental Appropriations) द्वारा विस्तारित किया गया है का मूल्यांकन पात्र प्रवासियों के रूप में किया जाता है।

- 2000 के तस्करी और हिंसा पीड़ित व्यक्ति संरक्षण के कानून के अनुसार तस्करी के शिकार।
- वे शरणार्थी जिन्हें INA के §208 के तहत शरणार्थी स्थिति प्रदान की गई थी।
- क्यूबा/हैती के प्रवेशी 45 CFR §401.2[3] की आवश्यकताओं के अनुसार हैतियाई पारिवारिक पुनःएकीकरण पैरोल (HFRP) प्रोग्राम के तहत स्वीकृत व्यक्तियों सहित।
- ऐसे व्यक्ति जिनके निर्वसन या हटाए जाने को रोकने की अनुमति दी गई है।
- फेडरेटेड स्टेट्स ऑफ माइक्रोनेशिया,पलाऊ गणराज्य या मार्शल आईलैंड्स गणराज्य के नागरिक जो कॉम्पैक्ट्स ऑफ फ्री असोसिएशन के अनुसार यूनाइटेड स्टेट्स में रहते हैं।
- पात्र अमेरिकन इंडियन जो ऊपर वर्णन किए अनुसार विदेशों में जन्मे हैं उन्हें आम तौर पर यू.एस. नागरिकों के रूप में कोड किया जाता है, लेकिन अगर वे LPR स्थिति का सत्यापन प्रदान करें, तो उन्हें MAGI कार्यक्रमों के अंतर्गत लॉफुल पर्मेनंट रेसिडंट (LPR) के रूप में कोड किया जा सकता है। उनके पास LPR स्थिति का सत्यापन होना या यह प्रदान करना आवश्यक नहीं है।

नोट*: 5* साल का बार उन लोगों पर लागू नहीं होता है जिन्होंने "पिछले *5* वर्षों में पात्र प्रवासी स्थिति हासिल की हो, अगर वे *8* अगस्त *1996* से पहले यू.एस. में दाखिल हुए हों, और *22* अगस्त *1996* से निरंतर यू.एस. में रह रहे हों, *WAC 182-503-0535* देखें।

नोट*: I-551* पर्मेनंट रेसिडंट कार्ड *(*ग्रीन कार्ड*)* पर उल्लिखित वर्ग कोड दिखाता है कि किसी *LPR* ने यू.एस. में प्रवेश किया है। अगर कोई व्यक्ति किसी ऐसी स्थिति में यू.एस. में दाखिल हुआ हो, जो कि *5* साल के बार से मुक्त हो, और जिनके पास *5* साल से कम वक्त से *LPR* स्थिति रही हो, तब भी वे *5* साल के बार से छूट प्राप्त हैं।

# मेरे विकल्प क्या हैं?

### मैं एक लॉफुली प्रेज़ंट “पात्र” प्रवासी हूँ। मेरे विकल्प क्या हैं?

- 5 साल के बार के बाद (अगर आवश्यक हो):
  - पात्र हेल्थ प्लान (जैसे Cascade Care)
  - Apple Health
  - Apple Health for Kids (बच्चों के लिए Apple Health)
  - Apple Health Family Planning Only (Apple Health केवल परिवार नियोजन)
  - Apple Health for Pregnant Individuals (गर्भधारण किए व्यक्तियों के लिए Apple Health)
  - Apple Health After-Pregnancy Coverage (Apple Health गर्भावस्था के बाद का कवरेज)
- 5 साल का बार पूरा न हुआ हो तो:
  - पात्र हेल्थ प्लान (जैसे Cascade Care)
  - Apple Health for Kids (बच्चों के लिए Apple Health)
  - Apple Health Family Planning Only (Apple Health केवल परिवार नियोजन)
  - Apple Health for Pregnant Individuals (गर्भधारण किए व्यक्तियों के लिए Apple Health)
  - Apple Health After-Pregnancy Coverage (Apple Health गर्भावस्था के बाद का कवरेज)
  - Medical Care Services (चिकित्सा देखभाल सेवाएं)
  - Alien Emergency Medical (विदेशी नागरिक आपात स्थिति चिकित्सा)

### मैं एक लॉफुली प्रेज़ंट “अपात्र” प्रवासी हूँ। मेरे विकल्प क्या हैं?

- पात्र हेल्थ प्लान (जैसे Cascade Care)
- Apple Health for Kids (बच्चों के लिए Apple Health)
- Apple Health Family Planning Only (Apple Health केवल परिवार नियोजन)
- Apple Health for Pregnant Individuals (गर्भधारण किए व्यक्तियों के लिए Apple Health)
- Apple Health After-Pregnancy Coverage (Apple Health गर्भावस्था के बाद का कवरेज)
- Medical Care Services (चिकित्सा देखभाल सेवाएं)
- Alien Emergency Medical (विदेशी नागरिक आपात स्थिति चिकित्सा)

## मैं बिना दस्तावेज़ वाला (अनडॉक्युमेन्टेड) व्यक्ति हूँ। मेरे विकल्प क्या हैं?

- पात्र हेल्थ प्लान (जैसे Cascade Care)
- Apple Health for Kids (बच्चों के लिए Apple Health)
- Apple Health Family Planning Only (Apple Health केवल परिवार नियोजन)
- Apple Health for Pregnant Individuals (गर्भधारण किए व्यक्तियों के लिए Apple Health)
- Apple Health After-Pregnancy Coverage (Apple Health गर्भावस्था के बाद का कवरेज)
- Medical Care Services (चिकित्सा देखभाल सेवाएं) - अगर WAC 388-424-0001(4) जुड़े किसी प्रोग्राम के लिए पात्र हो
- Alien Emergency Medical (विदेशी नागरिक आपात स्थिति चिकित्सा)
- Apple Health Expansion (Apple Health विस्तारण)*

## मेरे परिवार के लोगों की भिन्न आप्रवासी स्थितियाँ हैं। हमारे विकल्प क्या हैं?

कुछ परिवार "मिश्रित स्थितियों" वाले होते हैं, जिसमें विभिन्न सदस्यों की प्रवासन स्थितियाँ अलग-अलग होती हैं, जो उन्हें अलग-अलग कार्यक्रमों के लिए पात्र बना सकती हैं। मिक्स्ड स्टेटस परिवार Washington Healthplanfinder के द्वारा स्वास्थ्य बीमा और Apple Health के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## अमेरिकन इंडियन और अलास्का नेटिव (AI/AN) व्यक्ति

विदेश में जन्मे पात्र अमेरिकन इंडियन और अलास्का नेटिव व्यक्तियों के लिए पात्रता आवश्यकताएं यू.एस. के नागरिकों जैसी ही हैं।

विदेश में जन्मे पात्र अमेरिकन इंडियन और अलास्का नेटिव व्यक्तिओं में शामिल हैं:

- केनेडा में जन्मे व्यक्ति, जिनमें कम से कम पचास प्रतिशत अमेरिकन इंडियन खून हो, चाहे वे किसी भी कबीले के सदस्य हों; या
- यूनाइटेड स्टेट्स के बाहर जन्मे व्यक्ति जो हैं:
    - एक संघीय रूप से स्वीकृत कबीले के सदस्य
    - अलास्का नेटिव क्लेम्स सेटलमेंट कानून के तहत सेक्रेटरी ऑफ इंटीरयर द्वारा नामांकित अलास्का नेटिव।

*Apple Health Expansion (Apple Health विस्तारण) एक सीमित नामांकन प्रोग्राम है।

# नि:शुल्क या कम लागत वाली स्वास्थ्य सेवाएं

## Cascade Care Savings

Cascade Care प्लान उच्च गुणवत्ता वाले हेल्थ प्लान हैं जो अन्य प्लानों की तुलना में निम्न लागत पर उपलब्ध होते हैं। ये केवल Washington Healthplanfinder के द्वारा उपलब्ध होते हैं। सभी प्लान लागत और कवर होने वाली सेवाओं के ACA मानकों को पूरा करते हैं या उससे बेहतर होते हैं। Cascade Care प्लान वॉशिंगटन में रहने वाले सभी लोगों के लिए उपलब्ध हैं।

Cascade Care प्लान केवल Washington Healthplanfinder द्वारा उपलब्ध हैं।

## Washington Apple Health

Apple Health  वॉशिंगटन में Medicaid का नाम है।

Apple Health पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क या निम्न लागत वाला हेल्थ कवरेज उपलब्ध कराता है। यू.एस.

5 साल का बार Apple Health for Pregnant Individuals (गर्भधारण किए व्यक्तियों के लिए Apple Health), Family Planning Only (केवल परिवार नियोजन), और Apple Health for Kids (बच्चों के लिए Apple Health) पर लागू नहीं होता है। इसका मतलब है कि किसी भी प्रवासी स्थिति वाला व्यक्ति इन प्रोग्रामों के लिए पात्र हो सकता है।

ज्यादातर Apple Health प्रोग्रामों में आय की एक सीमा और अन्य पात्रता आवश्यकताएं होती हैं।

Apple Health साल भर उपलब्ध होता है। आप किसी भी समय Apple Health के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# आवेदन कहाँ करें

Washington Healthplanfinder के द्वारा हेल्थ कवरेज के लिए आवेदन करना आसान है। यहाँ जाएं **wahealthplanfinder.org** या किसी
आमने-सामने या वर्चुअल असिस्टर के पास साइन अप करें। 200+ भाषाओं से अधिक में भाषा सहायता उपलब्ध है।

ओपन एनरोलमेन्ट के दौरान कोई भी साइन अप कर सकता है। ओपन एनरोलमेन्ट हर साल 1 नवंबर को शुरू होता है और 15 जनवरी को खतम होता है।

कुछ जीवन बदलने वाली घटनाएं आपको ओपन एनरोलमेन्ट के बाहर किसी हेल्थ प्लान के लिए साइन अप करने देती हैं। इसे स्पेशियल एनरोलमेन्ट पीरियड कहा जाता है। जीवन बदलने वाली घटनाओं में नौकरी खोना, जन्म, गोद लेना, शादी और अधिक शामिल हो सकते हैं।

अगर आप Apple Health के लिए पात्र हों, तो आप किसी भी समय साइन अप कर सकते हैं।

**wahealthplanfinder.org**



# एक्सचेंज के बारे में

### हमारा मिशन

Washington Healthplanfinder वॉशिंगटन के लोग कैसे हेल्थ कवरेज खोजते और बनाए रखते हैं उसे बेहतर बनाना चाहते हैं। हम ऐसा करने के लिए उपयोग में आसान साधन और आप केवल हमारे द्वारा खोज सकते हैं ऐसी बचत प्रदान करके करते हैं। समानता, प्रामाणिकता और सम्मान के हमारे मूल्य हम जो करते हैं उस हर काम को सूचित करते हैं।

washington healthbenefitexchange
powering washington healthplanfinder



## हमारा समानता कथन

समानता Washington Health Benefit Exchange (वॉशिंगटन स्वास्थ्य लाभ एक्सचेंज) के मिशन का मूल आधार है। समानता की दिशा में आगे बढ़ने और जातीवाद विरोधी होने की प्रक्रिया खलल करनेवाली है और इसके लिए विशेषाधिकार और उत्पीड़न की गहराई से आरोपित प्रणाली को विघटित करने के लिए सतर्कता आवश्यक होती है। जहाँ प्रणालीगत जातिवाद कई सामाजिक असमानताओं का मूल कारण है, हमें भी पूर्वाग्रह और दमन के उन सभी रूपों को संबोधित करने के लिए परस्पर प्रतिच्छेदी अभिगम का इस्तेमाल करना होगा, जो कि जातीय असमानताओं के साथ अंत:क्रिया करते हैं और अक्सर उन्हें बढ़ाते हैं।

सफल होने के लिए, हमें स्वास्थ्य के सामाजिक-आर्थिक चालकों को पहचानना होगा और उन लोगों और जगहों पर ध्यान केन्द्रित करना होगा, जहाँ सब से ज्यादा ज़रूरत हो। क्योंकि हम समुदाय की बात को सुनते हैं, हमें एक्सचेंज के प्रभाव के दायरे में असमानता वाली नीतियों, प्रणालियों या रीतियों में सुधार करने के लिए सुझावों को प्रतिक्रिया देने के लिए खुद को उत्तरदायी ठहराना होगा।

हमारा लक्ष्य यह है कि सभी वॉशिंगटन निवासियों के पास अपनी समग्र संभावना को हासिल करने के लिए अवसरों, शक्तियों और संसाधनों तक पूर्ण और समान पहुँच हो।

## भाषा पहुँच

सभी को अपनी खुद की भाषा में नि:शुल्क सहायता और जानकारी पाने का अधिकार है। अपनी पसंदीदा भाषा में द्विभाषी कर्मचारी या दुभाषिए से बात करने के लिए, हमारे कस्टमर सपोर्ट सेंटर को **1-855-923-4633** पर कॉल करें। सहायता 200 से अधिक अलग-अलग भाषाओं में उपलब्ध है। Washington Healthplanfinder के द्वारा स्वास्थ्य बीमा के लिए आवेदन करते वक्त आप अपनी भाषा में अनुवादित नि:शुल्क सामग्री की भी मांग कर सकते हैं।



washington
healthplanfinder
click. compare. covered.

wahealthplanfinder.org
1-855-WAFINDER | 1-855-923-4633